दैनिक जागरण 13/02/2026

विद्यार्थियों को बताया एआइ का भविष्य

एआइ पर आधारित कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थी। ● विज्ञप्ति

अंबाला ● **विज्ञप्ति** : देव समाज कालेज फार गर्ल्स अंबाला शहर में जीएमएन कालेज अंबाला कैंट द्वारा आधुनिक युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस करियर अवसरों के द्वार खोलना विषय पर कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जीएमएन कालेज के कंप्यूटर एप्लीकेशन एवं मैनेजमेंट विभाग के विशेषज्ञ स्टाफ सदस्यों द्वारा किया गया। सत्र के दौरान वक्ताओं ने एआइ तकनीक के विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ते उपयोग और भविष्य में इसके व्यापक प्रभाव पर विस्तार से चर्चा की। मुक्ता अरोड़ा ने कहा कि आज के समय में एआइ जैसे उन्नत विषयों पर विद्यार्थियों को व्यावहारिक जानकारी देना अत्यंत आवश्यक है। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज के युग की सबसे प्रभावशाली तकनीक बन चुकी है।